ICAR - राष्ट्रीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान, इंदौर

फा.क्र./File No. टेक 10-6/2026 | खरीफ 2026

# सोया कृषकों के लिए साप्ताहिक सलाह

Weekly Soybean Advisories for Soybean Growers (14th - 20th September 2026)

**दिनांक / Date:** 14.09.2026
**अवधि / Period:** 14 - 20 सितम्बर, 2026

**फसल अवस्था / Crop Stage:** परिपक्वता एवं दाने भरने की अवस्था (Maturity & Grain Filling)

सोयाबीन की शीघ्र समयावधि में पकने वाली किस्में अब परिपक्वता की ओर अग्रेसर हैं जबकि मध्यम या देरी से पकने वाली किस्मों में दाने भरने की स्थिति हैं। अतः सोया कृषकों को निम्न उपाय अपनाने तथा आवश्यकतानुसार अनुशंसित कीटनाशक/रसायनों के छिड़काव करने की सलाह है।

*The short duration soybean varieties are nearing the maturity/harvesting stage whereas the soybean crop having medium/long duration varieties is at grain filling stage. Farmers are advised to adopt the following measures.*

## प्रमुख कृषि सलाह एवं सिफारिशें / Key Advisory Measures

### 1. बीजोत्पादन वाले खेतों में बीज की सुरक्षा / For Quality Seed Production

बीजोत्पादन वाले खेतों में सोयाबीन के बीज की गुणवत्ता को प्रभावित करने वाले कीटों से बचाव के लिए फसल की नियमित निगरानी करें। आवश्यकता होने पर प्रोफेनोफोस **@ 1.0 L/ha** अथवा तालिका-1 में दिए गए अन्य अनुशंसित कीटनाशक का छिड़काव करें। इससे स्टिंक बग, आलमंड मॉथ एवं पल्स बीटल जैसे कीटों से होने वाले नुकसान को कम करने में सहायता मिलेगी।

*In seed-production fields, apply profenofos **@ 1.0 L/ha** or another recommended insecticide from Table 1 for management of stink bug, almond moth, and pulse beetle.*

### 2. शीघ्र समयावधि वाली किस्मों की समय पर कटाई / Timely Harvesting of Early-Maturing Varieties

शीघ्र पकने वाली सोयाबीन किस्मों में लगभग 90 प्रतिशत फलियों का रंग पीला पड़ जाने पर कटाई प्रारंभ की जा सकती है। इस अवस्था में समय पर कटाई करने से बीज के अंकुरण पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता तथा देर से कटाई के कारण होने वाले नुकसान को कम किया जा सकता है।

*In early-maturing varieties, harvesting can start when ~90% of pods turn yellow, minimizing delayed harvesting losses and preserving seed germination.*

### 3. पकने के दौरान बारिश से बीज की गुणवत्ता में होने वाली गिरावट को कम करना / Minimising Rain Deterioration

दाना भरने एवं परिपक्वता की अवस्था में लगातार वर्षा होने पर बीज की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है तथा फलियों के अंदर ही बीजों के अंकुरित होने (pre-harvest sprouting) की संभावना बढ़ जाती है। अतः कृषकों को सलाह दी जाती है कि फसल के उचित परिपक्वता स्तर पर समय पर कटाई करें।

*Continuous rainfall during maturity can cause pre-harvest sprouting and pod shattering. Farmers should harvest promptly at the recommended maturity stage.*

### 4. फली छेदक कीटों से होने वाले उपज के नुकसान को कम करना / Minimising Yield Losses due to Pod Borers

दाना भरने की अवस्था में सोयाबीन की फलियों पर फली छेदक इल्ली, विशेषकर ***Helicoverpa armigera***, द्वारा नुकसान की संभावना रहती है। आवश्यकता होने पर इंडोक्साकार्ब 15.80% EC **@ 333 ml/ha** अथवा तालिका-1 में दिए गए अन्य अनुशंसित कीटनाशक का निर्धारित मात्रा में छिड़काव करें।

*During pod-filling, monitor for pod-boring caterpillars like **Helicoverpa armigera**. If needed, spray Indoxacarb 15.80% EC **@ 333 ml/ha** or a recommended alternative.*

### 5. तम्बाकू की इल्ली का नियंत्रण / Control of Tobacco Caterpillar

तम्बाकू की इल्ली (***Spodoptera litura***) के प्रकोप की स्थिति में खेत की नियमित निगरानी करें तथा कीट की वास्तविक स्थिति के आधार पर तालिका-1 में दिए गए अनुशंसित कीटनाशकों में से किसी एक का छिड़काव करें। अनावश्यक अथवा कैलेंडर आधारित छिड़काव से बचें।

*Monitor for tobacco caterpillar (**Spodoptera litura**) and apply targeted pest management using recommended chemicals from Table 1 only when threshold levels are reached.*

### 6. रायजोक्टोनिया एरियल ब्लाइट रोग का प्रबंधन / Rhizoctonia Aerial Blight Management

रोग के प्रारंभिक लक्षण दिखाई देने पर निम्न में से किसी एक अनुशंसित फफूंदनाशक का छिड़काव करें: फ्लुक्सापायरोक्साड 167 g/L + पायरोक्लोस्ट्रोबिन 333 g/L SC ***@ 300 ml/ha***, अथवा पायरोक्लोस्ट्रोबिन 133 g/L + इपोक्सीकोनाजोल 50 g/L SE ***@ 750 ml/ha***।

*Upon early disease symptoms, apply Fluxapyroxad + Pyraclostrobin SC **@ 300 ml/ha** OR Pyraclostrobin + Epoxiconazole SE **@ 750 ml/ha**.*

## तालिका 1: केन्द्रीय कीटनाशक बोर्ड द्वारा अनुमोदित कीटनाशकों की सूची (31 मार्च 2026 तक)

Table 1: List of Insecticides Approved by the Central Insecticide Board (As of 31 March 2026)

| क्र.सं. S.NO. | कीटनाशक / PESTICIDE | कीट / PEST | मात्रा/हेक्टेयर QTY/HECTARE |
|---|---|---|---|
| 1 | ब्रोफ़्लानिलाइड 20% एससी / Broflanilide 20% SC | फली छेदक, सेमी-लूपर, तंबाकू की इल्ली / Pod Borer, Semilooper, Tobacco Caterpillar | 125 मि.ली. / ml |
| 2 | डायफेंथियूरॉन 47.80% एससी / Diafenthiuron 47.80% SC | सफेद मक्खियाँ, घुन / Whiteflies, Mites | 500 मि.ली. / ml |
| 3 | क्लोरेंट्रानिलिप्रोल 15% + इमामेक्टिन बेंजोएट 7.5% SC | तंबाकू की इल्ली और सेमीलूपर / Spodoptera litura, Semilooper | 200 मि.ली. / ml |
| 4 | लूफेनुरॉन 4% + इमामेक्टिन बेंजोएट 1.5% EC | तंबाकू की इल्ली (स्पोडोप्टेरा) / Spodoptera spp. | 625 मि.ली. / ml |
| 5 | फ्लोनिकेमिड 50 WG / Flonicamid 50 WG | एफिड, जासिड, सफ़ेद मक्खी / Aphids, Jassids, Whitefly | 200 ग्रा / g |
| 6 | क्लोरफेनापायर 240 g/L SC | हरी सेमीलूपर एवं तम्बाकू की इल्ली / Green Semilooper, Tobacco Caterpillar | 500 मि.ली. / ml |
| 7 | क्लोफ्लूआजुरोन 05.40% EC / Chlorfluazuron | चने की इल्ली, तम्बाकू की इल्ली / Gram Pod Borer, Tobacco Caterpillar | 500 मि.ली. / ml |
| 8 | बायफेंथ्रिन 32% + क्लोरएन्ट्रानिलिप्रोल 12% WG | सफ़ेद मक्खी, तना मक्खी, हरी सेमीलूपर / Whitefly, Stem Fly, Semilooper | 250 ग्रा / g |
| 9 | पायरीप्रोक्सिफेन 10% + बायफेंथ्रिन 10% EC | सफ़ेद मक्खी / Whitefly | 1 लीटर / L |
| 10 | एसिटामिप्रिड 25% + बायफेन्थ्रिन 25% WG | सफ़ेद मक्खी, चक्र भृंग, सेमीलूपर, तम्बाकू की इल्ली / Whitefly, Girdle Beetle, etc. | 250 ग्रा / g |
| 11 | ब्रोफ्लानिलाइड 300 SC / Broflanilide 300 SC | चने की इल्ली, तम्बाकू की इल्ली, सेमीलूपर / Pod Borer, Tobacco Caterpillar, Semilooper | 62-42 ग्राम / g |
| 12 | क्लोरएन्ट्रानिलिप्रोल 18.5 SC | हरी सेमीलूपर, तना मक्खी एवं चक्र भृंग / Semilooper, Stem Fly, Girdle Beetle | 150 मि.ली. / ml |
| 13 | क्लोरएन्ट्रानिलिप्रोल 47.85% SC | तम्बाकू की इल्ली, सेमीलूपर, तना मक्खी, चक्र भृंग / Tobacco Caterpillar, Semilooper, etc. | 500 मि.ली. / ml |
| 14 | इमामेक्टिन बेंजोएट 01.90 EC | सेमीलूपर, फली छेदक, चक्र भृंग, तम्बाकू की इल्ली / Semilooper, Pod Borer, Girdle Beetle | 425 मि.ली. / ml |

| क्र.सं. S.NO. | कीटनाशक / PESTICIDE | कीट / PEST | मात्रा/हेक्टेयर QTY/HECTARE |
|---|---|---|---|
| 15 | ईथिओन 50 EC / Ethion 50 EC | चक्र भृंग एवं तना मक्खी / Girdle Beetle, Stem Fly | 1500 मि.ली. / ml |
| 16 | फ्लूबेंडियामाइड 20 WG / Flubendiamide 20 WG | तम्बाकू की इल्ली एवं हरी सेमीलूपर / Tobacco Caterpillar, Green Semilooper | 250-300 ग्रा / g |
| 17 | फ्लूबेंडियामाइड 39.35 SC / Flubendiamide | पत्ती खाने वाली इल्लियाँ / Leaf Eating Caterpillars | 150 मि.ली. / ml |
| 18 | इमिडाक्लोप्रिड 48 FS / Imidacloprid 48 FS | जासिड / Jassids | 125 मि.ली. / ml |
| 19 | इंडोक्साकार्ब 15.8 EC / Indoxacarb 15.8 EC | तम्बाकू/चने की इल्ली, सेमीलूपर, तना मक्खी / Tobacco/Gram Caterpillar, Semilooper | 333 मि.ली. / ml |
| 20 | इंडोक्साकार्ब 14.50 SC / Indoxacarb 14.50 SC | तम्बाकू की इल्ली / Tobacco Caterpillar | 333 मि.ली. / ml |
| 21 | आइसोसायक्लोसेरम 9.2% DC | लीफ वर्म, सेमीलूपर, चक्र भृंग, तना मक्खी / Leaf Worm, Semilooper, Girdle Beetle, Stem Fly | 600 मि.ली. / ml |
| 22 | लैम्बडा सायहेलोथ्रिन 04.90 CS | तना मक्खी, हरी सेमीलूपर इल्ली / Stem Fly, Green Semilooper | 300 मि.ली. / ml |
| 23 | प्रोफेनोफॉस 50 EC / Profenofos 50 EC | हरी सेमीलूपर इल्ली एवं चक्र भृंग / Green Semilooper, Girdle Beetle | 1 लीटर / L |
| 24 | क्विनालफॉस 25 EC / Quinalphos 25 EC | लीफ वीविल / Leaf Weevil | 1 लीटर / L |
| 25 | क्विनालफॉस 01.50 DP / Quinalphos DP | फली छेदक / Pod Borer | 250 ग्राम / g |
| 26 | स्पायनेटोरम 11.7 SC / Spinetoram 11.7 SC | तम्बाकू की इल्ली / Tobacco Caterpillar | 450 मि.ली. / ml |
| 27 | टेट्रानिलिप्रोल 18.18 SC / Tetraniliprole | चक्र भृंग, सेमीलूपर, तम्बाकू की इल्ली / Girdle Beetle, Semilooper, Tobacco Caterpillar | 250-300 मि.ली. / ml |
| 28 | थियाक्लोप्रिड 21.7 SC / Thiacloprid 21.7 SC | चक्र भृंग / Girdle Beetle | 750 मि.ली. / ml |
| 29 | बीटासायफ्लुथ्रिन 8.49% + इमिडाक्लोप्रिड 19.81% OD | चक्र भृंग, हरी सेमीलूपर इल्ली / Girdle Beetle, Green Semilooper | 350 मि.ली. / ml |
| 30 | कार्टाप हाइड्रोक्लोराइड 4% + फिप्रोनिल 0.50% CG | लीफ वर्म, सेमीलूपर, चक्र भृंग, तना मक्खी / Leaf Worm, Semilooper, Girdle Beetle, Stem Fly | 500 ग्राम / g |
| 31 | क्लोरएन्ट्रानिलिप्रोल 9.30% + लैम्बडा सायहेलोथ्रिन 4.60% ZC | लीफ वर्म, चक्र भृंग, सेमीलूपर, तना मक्खी / Leaf Worm, Girdle Beetle, Semilooper, Stem Fly | 200 मि.ली. / ml |
| 32 | नोवाल्युरोन + इन्डोक्साकार्ब SC | तम्बाकू/चने की इल्ली / Tobacco/Gram/Green Semilooper Caterpillar | 825-875 मि.ली. / ml |
| 33 | थियामेथोक्सम 12.60% + लैम्बडा सायहेलोथ्रिन 09.50% ZC | तना मक्खी, हरी सेमीलूपर, चक्र भृंग / Stem Fly, Green Semilooper, Girdle Beetle | 125 मि.ली. / ml |
| 34 | कार्बोफ्यूरान 03% CG / Carbofuran 03% CG | रूट नोट नीमाटोड / Root Knot Nematode | 1500 ग्राम / g |
| 35 | फ्लोकुमफेन 0.005% Block Bait (Strom) | चूहें का नियंत्रण / Rat Control | 15-20 Bait |
| 36 | थियामेथोक्सम 30 FS (बीजोपचार हेतु / Seed Treatment) | तना मक्खी / Stem Fly | 10 ml/kg seed |
| 37 | थियामेथोक्सम 30% WS (बीजोपचार हेतु / Seed Treatment) | जासीड, तना मक्खी, चक्र भृंग, सफ़ेद मक्खी / Jassids, Stem Fly, Girdle Beetle, Whitefly | 4-6 ml/kg seed |
| 38 | अजॉक्सीस्ट्रोबिन 1.5% + कार्बेन्डाजिम 8% + थियामेथोक्साम 30% FS | जड़ सड़न, ब्लाइट, तना मक्खी, दीमक / Root rot, Blight, Stem Fly, Termite | 100 मि.ली. / ml |